भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **5299**
दिनांक 25 जुलाई , 2019 / 3 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

आईजीआई विमानपत्तन में जल-जमाव

5299. **श्री गौतम गंभीर:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन (आईजीआई) में बारिश के कारण भारी जल-जमाव की कोई घटना हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) तथा (ख): जी, नहीं। पिछले तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर पानी जमा होने की कोई विशेष घटना घटित नहीं हुई है।

(ग) तथा (घ): दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डॉयल) द्वारा निम्नलिखित सहित कुछ बचाव उपाय किए गए हैं:-

1. डॉयल द्वारा सविस्तारित वार्षिक मानसून तत्परता योजना तैयार की गई है तथा इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाता है।

2. घनघोर वर्षा होने की स्थिति में जल की निकासी के लिए पूर्व निर्धारित स्थलों पर क्षमता वाले पम्प स्थापित किए गए हैं।

3. डॉयल द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण / लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंद्ध भागीदारों के साथ इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट क्षेत्र से पानी की निकासी के लिए अपने निकासी नेटवर्क में बेहतरी के लिए अनुसरण किया जाता है।

*****